समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# CWG 2026: ग्लासगो मे लंहराया तिरंगा, राजस्थान की बेटी अरुंधति चौधरी ने मुक्केबाजी मे जींता स्वर्ण पदक

राजेश चौधरी

Published on 03 Aug 2026




राष्ट्रमंडल खेल 2026 (CWG 2026) में राजस्थान की बेटी **अरुंधति चौधरी** ने महिला **70 किलोग्राम मुक्केबाजी स्पर्धा** में स्वर्ण पदक जीतकर भारत और राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। ग्लासगो में आयोजित इस प्रतियोगिता में उनकी शानदार जीत पर पूरे देश में खुशी की लहर है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर **राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** ने अरुंधति चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि अरुंधति चौधरी की यह स्वर्णिम सफलता पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अरुंधति ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल भारत का तिरंगा ग्लासगो में लहराया है, बल्कि देश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए भी प्रेरणा का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उज्ज्वल भविष्य की कामना

मुख्यमंत्री ने अरुंधति चौधरी के उज्ज्वल भविष्य और आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह भविष्य में भी इसी तरह देश का नाम रोशन करती रहेंगी।

**#Cheer4Bharat #CWG2026**

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.